www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान


1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
27 दिसंबर 2025, नई दिल्ली\नोएडा

वर्ष 90, अंक 308, 18 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण

मोहन भागवत बोले, विज्ञान और धर्म के बीच कोई संघर्ष नहीं
P-11



# लिंक एक्सप्रेसवे से यमुना सिटी के दस सेक्टरों को जोड़ने की तैयारी




> लिंक एक्सप्रेसवे यमुना सिटी के सेक्टरों को नई पहचान दिलाएगा। यह सेक्टर एक्सप्रेसवे के पास होंगे। इससे सेक्टरों में बसावट और औद्योगिक गतिविधियां तेज होगी। एयरपोर्ट समेत दिल्ली, मुंबई समेत आगरा, मेरठ समेत अन्य शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी भी होगी। –**आरके सिंह**, सीईओ यीडा

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** गंगा को यमुना से जोड़ने वाले 74 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेसवे नोएडा-ग्रेनो की तर्ज पर बनेगा। एक्सप्रेसवे से यमुना सिटी के दस से ज्यादा आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों को जोड़ा जाएगा।

खास बात यह होगी कि प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर इकाई, जापानी, कोरियन, फिनटेक और फिल्म सिटी इसी एक्सप्रेसवे के किनारे पर विकसित होगी। इसके डिजाइन पर काम चल रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) गंगा और यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए 74.3 किलोमीटर लंबा ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगा। इस पर 1246 करोड़ खर्च होंगे। उत्तरप्रदेश ने बजट को मंजूरी दे दी है। यह लिंक एक्सप्रेसवे यमुना सिटी के सेक्टर-4, 4ए, 5, 5ए,10, 11, 21, 28, 33, 34 और अन्य सेक्टरों को जोड़ेगा। इनमें सेक्टर 5ए जापानी सिटी, 4ए कोरियन, 11 फिनटेक और 21 फिल्म सिटी के लिए प्रस्तावित है। सेक्टर-5 शहर का सबसे प्राइम आवासीय सेक्टर होगा। सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, 28 में सेमीकंडक्टर और मेडिकल डिवाइस पार्क, 33 व 34 में अन्य सामान्य औद्योगिक गतिविधियां होगी।